
तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

## खबर संक्षेप

### बस्तर जिला पंचायत की सामान्य सभा होगी 7 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी 7 अगस्त को जिला पंचायत सामान्य सभा और सामान्य प्रशासन समिति की पृथक-पृथक बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिले के विभिन्न विकास कार्यों और विभागीय योजनाओं की समीक्षा होगी। जिसके तहत 7 अगस्त को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक होगी, उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पश्चात अपराह्न 4 बजे सामान्य प्रशासन समिति की बैठक होगी।

### सखी निवास-शक्ति सदन भर्ती की संशोधित सूची जारी

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अन्तर्गत सखी निवास एवं शक्ति सदन में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु जिले की वेबसाइट में पात्र-अपात्र की प्रारंभिक सूची 15 अप्रैल को तैयार कर 29 अप्रैल तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया था। प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदनों का निराकरण उपरांत संशोधन कर पुनः संशोधित पात्र-अपात्र की सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जगदलपुर के सूचना पटल पर किया जा सकता है। संबंधित आवेदकों के द्वारा उपरोक्त सूची का अवलोकन कर दावा-आपत्ति आगामी 5 अगस्त तक कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक स्वीकार की जाएगी।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एक्सीडेंट के बाद फरार हुआ वाहन चालक, पुलिस कर रही तलाश
- आसपास के सीसीटीवी फूटेज की जांच के साथ लोगों से की जा रही पूछताछ

बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के बड़ाजी थाना अंतर्गत झापरभानपुरी मुख्य मार्ग में सोमवार रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार अपने घर की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार से पूर्व उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी लगते ही बड़ाजीं टीआई राजेश राठौर दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बाईक को हटाकर आवाजाही दुरूस्त कराया। वहीं दोनों घायलों को एम्बुलेस की मदद से अस्पताल भिजवाया गया लेकिन उपचार से पूर्व उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मृतक के भाई छापरभानपुरी निवासी मुन्ना कश्यप ने बताया कि सोमवार रात लगभग आठ बजे छोटा भाई पीलाराम कश्यप 28 वर्ष अपने साथी जीरो कश्यप के साथ मोटर साइकल क्रमांक सीजी 17 केवाय 4015 में सवार होकर ग्राम टाकरागुड़ा से अपने घर छापरभानपुरी वापस जा रहे थे। बाइक जीरो कश्यप चला रहा था जबकि पीलाराम कश्यप पीछे बैठा हुआ था। दोनों की बाइक जैसे ही छापरभानपुरी कदमगुड़ापारा स्कूल में पास मुख्य मार्ग में पहुंचे तभी तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पीलाराम के पेट व शरीर के अन्य हिस्से में तथा उसके साथी जीरो कश्यप के सिर में गंभीर चोट आई थी। दोनों को उपचार के लिए तत्काल कॉन्टीनेटल अस्पताल ले जाया गया लेकिन मौके पर मौजूद डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



### अज्ञात वाहन की तलाश जारी

बड़ाजी टीआई राजेश राठौर ने बताया कि दुर्घटना के बाद मौके से फरार वाहन व चालक का पता लगाया जा रहा है। घटना के समय वहां से गुजरी सभी वाहनों के जांच सीसीटीवी फूटेज की मदद से की जा रही है जल्द ही आरोपी वाहन चालक का पता लगा लिया जाएगा। मामला दर्ज कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# सहकारी संस्थाओं को बनाएं मजबूत, पैक्स समितियों का करें सशक्तीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से प्रदेश के सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने सौजन्य भेंट कर सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप भी शामिल हुए। बैठक में पैक्स समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की समीक्षा की गई। साथ ही प्राथमिक कृषि साख समितियों को मजबूत करने, सहकारी संस्थाओं के कार्य-व्यवसाय के विस्तार और पारदर्शी संचालन पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान सहकारी बैंकों के अध्यक्षों ने बैंकों एवं समितियों के संचालन से जुड़े विभिन्न लंबित मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। इनमें रिक्त पदों पर भर्ती, कर्मचारियों के स्थानांतरण, धान खरीदी के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं, कालातीत ऋणों की वसूली, अनुकंपा नियुक्ति, कर्मचारियों के भत्ते तथा एक्सग्रेशिया भुगतान जैसे विषय प्रमुख रहे। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने इन सभी मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक एवं सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने डिजिटल तकनीक के उपयोग, समितियों के आधुनिकीकरण, पारदर्शिता बढ़ाने तथा ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर सहकारी संस्थाओं को अधिक प्रभावी एवं आत्मनिर्भर बनाने पर भी बल दिया।



# बस्तर वन मंडल के जंगल में दिखे हिरण के झुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अब रात में भी होगी जंगलों की हाईटेक निगरानी
- थर्मल ड्रोन कैमरे से लैस हुआ बस्तर वन मंडल
- वन्यजीवों की सुरक्षा, अवैध कटाई और शिकार पर लगेगी लगाम

बस्तर के घने जंगलों की सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए बस्तर वन मंडल अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। वन विभाग द्वारा कांकेर वन मंडल के सहयोग से थर्मल इमेजिंग ड्रोन कैमरे के माध्यम से जंगलों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रूप से रात्रिकालीन निगरानी की जा रही है। इससे बस्तर वन मंडल के जंगल में हिरण के झुंड मिले। इस तकनीक से वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और शिकार जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिल रही है। थर्मल इमेजिंग तकनीक शरीर की ऊष्मा हीट सिग्नेचर को पहचानने में सक्षम है। इसके माध्यम से घने जंगलों और रात के अंधेरे में भी वन्यजीवों एवं मानव गतिविधियों का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इससे वन विभाग को भालू, तेंदुआ, हाथी सहित अन्य वन्यजीवों की गतिविधियों की सटीक जानकारी मिल रही है।

वन विभाग इस तकनीक का उपयोग मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में भी कर रहा है। वन क्षेत्र से लगे ग्रामीण इलाकों में यदि हाथियों अथवा अन्य जंगली जानवरों की गतिविधि की सूचना मिलती है, तो थर्मल ड्रोन के जरिए तत्काल निगरानी कर उनकी लोकेशन का पता लगाया जाता है। इसके आधार पर ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जाता है, जिससे जन-धन की हानि की संभावना कम होती है। इसके अलावा जंगलों में अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और वन्यजीवों के शिकार जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर भी थर्मल ड्रोन प्रभावी साबित हो रहा है। रात के समय भी संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर ड्रोन से प्राप्त फुटेज के आधार पर वन विभाग की क्विक रिस्पांस टीम तत्काल कार्रवाई कर रही है।

### प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा वन विभाग

डीएफओ बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने कहा कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में थर्मल ड्रोन बस्तर वन मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रहा है। फिलहाल कांकेर वन मंडल के सहयोग से ड्रोन उपलब्ध कराकर निगरानी की जा रही है तथा जल्द ही बस्तर वन मंडल को भी अपना थर्मल ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से रात्रिकालीन गश्त अधिक प्रभावी हुई है और वनकर्मियों की सुरक्षा भी बेहतर हुई है। बस्तर की समृद्ध जैविक विविधता के संरक्षण के लिए वन विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।



## खबर संक्षेप

### उइके के घर खिला ब्रह्म कमल, दर्शन करने उमड़े लोग



**केशकाल।** नगर निवासी सुनील उइके के घर दुर्लभ एवं धार्मिक महत्व का ब्रह्म कमल खिलने से लोगों में उत्सुकता का माहौल है। जैसे ही फूल खिलने की जानकारी आसपास के लोगों को मिली, बड़ी संख्या में लोग इसे देखने और दर्शन करने पहुंचने लगे। ब्रह्म कमल को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दुर्लभ पुष्प के खिलने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्री उइके ने बताया कि ब्रह्म कमल का खिलना बेहद दुर्लभ होता है। इसकी मनमोहक सुगंध तथा सुंदरता सभी को आकर्षित करती है। देर रात खिलने वाले इस दिव्य पुष्प को देखने के लिए लोग उत्साहपूर्वक पहुंच रहे हैं।

### एनएचएम भर्ती की अंतिम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की भर्ती के लिए अंतिम मेरिट चयन सूची एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे कलेक्टर कार्यालय, कोण्डागांव के भूतल स्थित सभागार में पदस्थापना स्थल की काउंसिलिंग के लिए उपस्थित होना होगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर, नसिंर्ग ऑफिसर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, लैब टेक्नीशियन, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ, फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल सर्जन, काउंसलर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। अंतिम मेरिट सूची एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है।स्वास्थ्य विभाग ने सभी चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ काउंसिलिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

### अवैध शराब सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की आपूर्ति करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना लोहत्तर के अपराध क्रमांक 08/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के प्रकरण में फरार आरोपी नवेश कुमार तिवारी उर्फ मंता तिवारी को जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 16 जुलाई को थाना लोहत्तर पुलिस ने दंडाईखेड़ा निवासी मंगतू राम टेकाम को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर किराना दुकान की तलाशी ली गई, जहां से एक बैग में 15 शीशी अंग्रेजी गोवा शराब और 15 नग लिमाउंट बीयर सहित कुल 10.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब अनुमानित कीमत 4 हजार125 तथा बिक्री की 280 नकद राशि बरामद कर जप्त की गई थी।

# राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में एसपी चंद्रा ने लहराया परचम, देश के टॉप- 5 पुलिस अधिकारियों में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता को मिली राष्ट्रीय पहचान
- छत्तीसगढ़ पुलिस और विशेष रूप से कोंडागांव जिले के लिए भी गर्व का विषय

कोंडागांव जिले के पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव और छत्तीसगढ़ पुलिस का गौरव बढ़ाया है। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद द्वारा आयोजित 48वें आईपीएस इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें "हाई अचीवमेंट सर्टिफिकेट" से सम्मानित किया गया है।

जानकारी के अनुसार विगत 6 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण में देशभर के अधिकारियों की मूल्यांकन कक्षा में सहभागिता, केस स्टडी, अनुशासन, व्यवहार तथा एमसीक्यू परीक्षा के आधार पर किया गया। इन सभी मानकों पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एसपी श्री चंद्रा ने देशभर के शीर्ष पांच अधिकारियों में स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस और विशेष रूप से कोंडागांव जिले के लिए भी गर्व का विषय है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान बताती है कि उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और रणनीतिक सोच को देश के सर्वोच्च पुलिस प्रशिक्षण संस्थान ने भी सराहा है।

## हाई अचीवमेंट अवार्ड से हैदराबाद में किए गए सम्मानित

### केशकाल घाटी के ट्रैफिक प्रबंधन का दिया प्रेजेंटेशन

एसपी श्री चंद्रा ने अपने प्रेजेंटेशन में कोंडागांव जिले की पहचान मानी जाने वाली केशकाल घाटी के ट्रैफिक प्रबंधन को विषय बनाया। उन्होंने बढ़ते यातायात दबाव , दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं दूरदर्शी ट्रैफिक मैनेजमेंट की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। जिसकी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने सराहना की।



### अनेक क्षेत्रों में किए उल्लेखनीय कार्य

उल्लेखनीय है कि कोंडागांव जिले में पदस्थापना के दौरान एसपी श्री चंद्रा ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने, साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, सामुदायिक पुलिसिंग और जनविश्वास बढ़ाने जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी योजनाबद्ध कार्यप्रणाली, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम को साथ लेकर चलने की शैली ने जिले की पुलिसिंग को नई दिशा दी है।

## 703.07 लाख रुपए की लागत से बनेगी 5 किमी रोड और पुल-पुलिया

# 79 साल बाद भिरागांव को मिलेगी पक्की सड़क, विधायक लता ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माकड़ी/कोण्डागांव

विकासखंड माकड़ी के ग्राम भिरागांव में आजादी के 79 वर्षों बाद पक्की सड़क निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। ग्राम भिरागांव से सड़क पारा बरकई तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क एवं पुल–पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने 703.07 लाख की लागत वाले निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दौरान खराब सड़क के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी। नई सड़क बनने से किसानों को उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को स्कूल आने–जाने और मरीजों को अस्पताल पहुंचने में सुविधा होगी।



**ग्रामीणों ने जताया विधायक का आभार** – ग्रामवासियों ने वषोंर् पुरानी मांग पूरी होने पर विधायक लता उसेण्डी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बड़े बेन्दरी में 36 लाख के विकास कार्यों की सौगात

कोण्डागांव। विकासखंड कोण्डागांव की ग्राम पंचायत बड़े बेन्दरी में 36.01 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने 28.51 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन तथा 7.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से बड़े बेन्दरी सहित आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक भवन ग्रामीणों के सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा गांव की गतिविधियों को नई पहचान देगा। सुश्री उसेंडी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन विकास कायोंर् से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## रोड पर रोज हो रहे हादसे गौवंशों को आ रही चोटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

नगर एवं आसपास की सड़कों पर आवारा गायों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों पर गायों के बैठे रहने तथा अचानक सड़क पर आ जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार वाहन चालक गायों को बचाने के प्रयास में अपना संतुलन खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। रात के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क पर बैठी गायें आसानी से दिखाई नहीं देतीं। गाय के रोड पर रहने से कई बार वाहनों के चपेट मे मवेशी आ रहे हैं। जिससे कई गायों कि मौत हो जाती है या घायल हो जाती हैं। नगर पंचायत द्वारा इस विषय पर कार्रवाई कर रही है पर वह बेनतीजा रहता है। गाय फिर रोड पर ही दिखता है इस विषय पर गौप्रेमियों ने कहा कि गाय के मालिकों के द्वारा ध्यान न देने के कारण लावारिस जैसे गाय घूमती है जिसके कारण ही यह घटना ज्यादा हो रही है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था की जाए। उन्हें सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके और लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# 3 दिन के अल्टीमेटम पर खुला स्कूल का ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

खबर लगातार

कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड के ग्राम अमोड़ीपारा राँधना स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक की मांग को लेकर पालकों का आंदोलन फिलहाल प्रशासन के आश्वासन के बाद थम गया है। सोमवार को विद्यालय में जड़ा गया ताला मंगलवार को तहसीलदार, बीईओ, बीआरसी एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में पालकों से हुई चर्चा के बाद खोल दिया गया। प्रशासन ने तीन दिनों के भीतर विद्यालय में शिक्षक की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। इसके बाद पालकों ने विद्यालय की चाबी प्रशासन को सौंप दी। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जब तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। यदि तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पालक बच्चों के साथ उग्र आंदोलन करेंगे। पालकों का कहना है कि विद्यालय पिछले तीन वर्षों से शिक्षक संकट से जूझ रहा है। कई बार अधिकारियों को आवेदन और मांगपत्र देने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकला। उनका आरोप है कि विद्यालय में मूल रूप से पदस्थ प्रधानपाठक श्रीमती गीता पांडे पिछले करीब नौ वर्षों से प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास हीरापुर में प्रभारी अधीक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे में विद्यालय में पढ़ाई प्रभावित हो रही है।




**प्रधानपाठक को मूल पद पर किया जाए पदस्थ**–पालकों ने मांग की है कि श्रीमती गीता पांडे को उनके मूल पद पर वापस पदस्थ किया जाए या उनकी जगह किसी अन्य शिक्षक की स्थायी नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन अपने आश्वासन पर अमल नहीं करता है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# एनएचएम भर्ती: चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 31 जुलाई को होगी काउंसिलिंग और दस्तावेज सत्यापन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया के तहत स्टाफ नर्स, आयुष मेडिकल ऑफिसर, नसिंर्ग ऑफिसर, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर, लैब टेक्नीशियन, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सीएचओ, फिजियोथेरेपिस्ट, डेंटल सर्जन, काउंसलर सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। सभी चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को 31 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे कलेक्टर कार्यालय, कोण्डागांव के भूतल स्थित सभागार में पदस्थापना स्थल की काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा। चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा कलेक्टर कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया है कि वे काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन के दौरान अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष टिकरिहा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- 'ज्वाइन बीजेपी' अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा इन दिनों बस्तर दौरे पर हैं। इसी क्रम में सोमवार शाम वे कोंडागांव जिले के फरसगांव पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन फरसगांव मंडल अध्यक्ष देवेंद्र निषाद के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की और आगामी चुनावों को लेकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

मीडिया से चर्चा करते हुए राहुल टिकरिहा ने कहा कि 'ज्वाइन बीजेपी' अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। युवा वर्ग भी भाजपा से जुड़कर संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों को लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।




### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, उपाध्यक्ष विजय पोया, भाजयुमो जिला प्रभारी आदित्य पिपरे, सह प्रभारी शिल्पा साहू, मंडल प्रभारी वीरेंद्र बघेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत पात्र, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, भाजयुमो मंडल महामंत्री रामकुमार कोर्राम, मंत्री विवेक सिकदार , कपूर बैध, हेमंत नेताम, दीपक जायसवाल, योगेंद्र नेताम, सोनाली नेताम, रोहित मरकाम, कौशल शावरकर, निकितेश संगारी, सौरभ साह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
नारायणपुर

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ-पत्र**

मैं चमरू पिता स्व श्री बिरसिंह उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम-गुमियाबेड़ा तहसील कोहकामेटा जिला-नारायणपुर राज्य छ.ग. का शपथपूर्वक निम्नांकित सत्य कथन करता हूँ कि:-

1. यह कि मैं ग्राम-गुमियाबेड़ा तहसील कोहकामेटा जिला-नारायणपुर का निवासी हूँ।
2. यह कि बिसोंती दुग्गा मेरी पुत्री है। यह सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरी पुत्री का नाम बिसोंती दुग्गा है। जो सत्य व सही है एवं मेरी पुत्री के नाम से दिनांक **14.03.2026** को जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
4. यह कि मेरी पुत्री बिसोंती दुग्गा के नाम से आधार कार्ड क्रमांक **3070 7637 2854** जारी हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम अंग्रेजी में **VISOTI** हिन्दी में **विसोती** लिखा गया है। जिसे सुधरवाकर मेरी पुत्री का नाम अंग्रेजी में **BISONTI DUGGA** हिन्दी में बिसोंती दुग्गा लिखवाना चाहता हूँ।
5. यह कि शपथ पत्र मेरी पुत्री के आधार कार्ड में पुत्री का नाम अंग्रेजी में **BISONTI DUGGA** हिन्दी में बिसोंती दुग्गा अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं चमरू पिता स्व श्री बिरसिंह उम्र 47 वर्ष, निवासी ग्राम-गुमियाबेड़ा तहसील कोहकामेटा जिला-नारायणपुर राज्य छत्तीसगढ़ शपथकर्ता/शपथकर्त्ती यह सत्यापित करता/ करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 5 तक दी गई समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 25/07/2026 को नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूँ।

चमरू
सत्यापनकर्ता



## खबर संक्षेप

### बस्तर ब्लॉक के 7 स्कूलों में 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण



**बस्तर।** कलेक्टर एवं सीएमएचओ के निर्देश पर जिले में संचालित नेत्र परीक्षण अभियान के तहत बस्तर ब्लॉक में सोमवार को बड़े पैमाने पर स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की गई। बस्तर ब्लॉक बीएमओ डॉ. नारायण नाग के मार्गदर्शन में मुंडागांव सेक्टर अंतर्गत चेराकुर, गुमगा, कोलेबेडा सहित कुल 7 स्कूलों - हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूलों में शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 325 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। नेत्र विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण डॉ. सरिता थॉमस की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बच्चों की आंखों की विस्तृत जांच के साथ-साथ उन्हें आंखों की देखभाल, साफ-सफाई एवं सावधानी बरतने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद बच्चों को दवाइयां वितरित की गईं। परीक्षण में 13 छात्रों में दृष्टि दोष पाए जाने पर उन्हें तुरंत नंबर वाले चश्मे निशुल्क प्रदान किए गए, ताकि पढ़ाई में उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं अमृत राव सहित संबंधित स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

### सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन की पहल स्वागत योग्य



**गीदम।** भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट के गठन हेतु केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखे जाने तथा इस संबंध में रक्षा मंत्री द्वारा पत्र प्राप्त होने एवं विषय पर जांच विचार किए जाने की जानकारी का स्वागत किया है। उन्होंने ने कहा कि बस्तर के आदिवासी युवा सदैव अपनी वीरता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और अदम्य साहस के लिए जाने जाते रहे हैं। नक्सल विरोधी अभियानों से लेकर देश की सुरक्षा तक बस्तर के युवाओं ने अपने शौर्य का परिचय दिया है। ऐसे में भारतीय सेना में बस्तर रेजिमेंट का गठन न केवल क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्रसेवा का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा, बल्कि बस्तर की गौरवशाली पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल बस्तर के युवाओं में सेना के प्रति आकर्षण बढ़ाने, रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने तथा क्षेत्र में सम्मान, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

### 2 महीने से वेतन बंद, आर्थिक संकट से जूझ रहे डेनेक्स कर्मचारी



**दंतेवाड़ा।** कटेकल्याण स्थित डेनेक्स फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पिछले दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण आज जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लंबित वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि लगातार दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और अब रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वे नियमित रूप से फैक्ट्री में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पिछले दो महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन नहीं मिलने से बच्चों की पढ़ाई, इलाज, किराया, बिजली-पानी के बिल, राशन सहित अन्य आवश्यक घरेलू खर्चों का वहन करना कठिन हो गया है। कई कर्मचारियों को उधार लेकर परिवार का पालन-पोषण करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कर्मा ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए कहा कि मेहनत करने वाले श्रमिकों को समय पर वेतन मिलना उनका मूल अधिकार है। यदि किसी कर्मचारी को महीनों तक वेतन नहीं मिलता है तो इसका सीधा असर उसके पूरे परिवार पर पड़ता है।

## सुकमा जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी

# कोंटा में एक करोड़ का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई कर रही है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने गांजा तस्करी के संदर्भ में कही।

■ ओडिशा से राजस्थान जा रहा था मादक पदार्थ गांजा

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर के प्रभावी नेतृत्व, सटीक रणनीति और थाना कोंटा पुलिस की सतर्कता से सुकमा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। योजनाबद्ध नाकाबंदी और त्वरित कार्रवाई के चलते पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध गांजा जब्त कर तस्करों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया।

### सप्लाई नेटवर्क पर है पुलिस की नजर

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 110 पैकेट अवैध गांजा 223 किलोग्राम एक क्रेटा कार, तीन मोबाइल फोन, नकद राशि तथा अन्य दस्तावेज और सामग्री जब्त की। जब्त संपत्ति का कुल अनुमानित मूल्य 1,27,26,600 बताया गया है। इस मामले में थाना कोंटा में एनडीपीएस एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस तस्करी से जुड़े सप्लाई नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों की विस्तृत जांच कर रही है।





### वाहन में लगा था फर्जी नंबर प्लेट

कोन्टा पुलिस के पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे ओडिशा के मलकानगिरी क्षेत्र से गांजा खरीदकर राजस्थान में अधिक कीमत पर बेचने के उद्देश्य से उसकी तस्करी कर रहे थे। पुलिस से बचने के लिए वाहन में फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया जा रहा था, लेकिन थाना कोंटा पुलिस की मुस्तैदी के आगे उनकी चालाकी नहीं चल सकी।

### अंतर्राज्यीय नेटवर्क के मास्टरमाइंड की तलाश

जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और सघन जांच के कारण नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रहा है। हालांकि इस कार्रवाई के साथ कुछ अहम सवाल भी सामने आते हैं। यदि आरोपी ओडिशा के मलकानगिरी से गांजा खरीदकर राजस्थान तक पहुंचाने का काम कर रहे थे, तो आखिर इस पूरे अंतर्राज्यीय नेटवर्क का मास्टरमाइंड या सरगना कौन है? मलकानगिरी में वह कौन तस्कर या गिरोह है जो इतनी बड़ी मात्रा में गांजे की आपूर्ति कर रहा है? क्या इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जिसके तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं?

### पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करना बड़ी चुनौती

जानकारों का मानना है कि केवल गांजा ले जा रहे कैरियरों की गिरफ्तारी से तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाना संभव नहीं होगा। जब तक इस नेटवर्क के सरगना, सप्लायर, फाइनेंसर और खरीद-बिक्री की पूरी श्रृंखला का खुलासा कर उन पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का यह सिलसिला पूरी तरह रुक पाना मुश्किल होगा। ऐसे में इस मामले की गहन जांच कर पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ करना बड़ी चुनौती होगी।

### पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ बनाएंगे समन्वय

पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्रवाई कर रही है। अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। श्री गुर्जर ने कहा कि हमारी प्राथमिकता केवल वाहक को पकड़ना नहीं, बल्कि पूरे सप्लाई नेटवर्क, सरगना, फाइनेंसर और तस्करी से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी बढ़ाई गई है और पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जा रही है।

# गुरु रविदास जयंती पर देशभर में जनजागरण कलश यात्रा और होगा समरसता संवाद : महेश गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारतीय जनता पार्टी अटल सदन कार्यालय प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाने की घोषणा की है। यह अभियान 29 जुलाई से

■ समरसता से विकसित भारत का संकल्प, वाराणसी से निकलेगी यात्रा

प्रारंभ होकर 20 फरवरी 2027 तक देशभर में विभिन्न चरणों में आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, मानवता, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना तथा विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

महेश गागड़ा ने बीजापुर स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के



नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के संत हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक समानता, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशभर के मंदिरों में 51 हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित कर की जाएगी। इसके साथ गुरु रविदास महाराज कलश वंदन अभियान के तहत वाराणसी स्थित जन्मस्थली से पवित्र मिट्टी और जल से भरे कलश देश के विभिन्न राज्यों, जिलों और मंदिरों तक पहुंचाए जाएंगे। इस दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन, दीप महोत्सव और सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इसके बाद 29 जुलाई से 31 अगस्त तक 'संत संपर्क अभियान' चलाया जाएगा, जिसमें गुरु रविदास परंपरा से जुड़े संतों, महंतों और धार्मिक संस्थाओं से संवाद कर उनका सम्मान किया जाएगा। वहीं 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक गुरु रविदास समरसता यात्रा निकाली जाएगी, जो वाराणसी तक पहुंचेगी और विभिन्न राज्यों से होकर गुजरेगी।

अभियान के अंतिम चरण में 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्र संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत विद्यालयों और महाविद्यालयों में समरसता संवाद, चित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठियां और प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं को गुरु रविदास महाराज के जीवन, दर्शन और सामाजिक समरसता के संदेश से जोड़ा जाएगा। भाजपा ने अभियान के सफल संचालन के लिए प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर समितियों का गठन शुरू कर दिया है। पार्टी का कहना है कि यह अभियान केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का व्यापक जनआंदोलन होगा, जो गुरु रविदास महाराज के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीनिवास मुदलियार, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, जिला अध्यक्ष पंचायत जानकी कोरसा, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, मंडल अध्यक्ष अशोक राव,जिला मीडिया प्रभारी प्रताप यादव, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।



# विद्यार्थियों व अभिभावकों ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सजीवन कुमार कार्यराम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार घोष ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भुवनेश्वर लाल साहू प्रोफेसर, शमक, मोहन नायक, सरपंच सोनधर कश्यप, राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति के अध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी तथा तुलाराम कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के प्रयास से आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के मोहन नायक सेवानिवृत्त एसडीओ द्वारा विद्यालय परिसर में रोपण हेतु 60 पौधे एवं उनकी सुरक्षा के लिए 8000 रू का जाली तार उपलब्ध कराया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. सजीवन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को सफलता प्राप्त करने के असीम अवसर प्रदान करती है। आवश्यकता केवल सही दिशा पहचानकर निरंतर कार्य करने की है। उन्होंने युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए भ्रामक समाचार एवं फर्जी सामग्री से सावधान रहने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त एवं बीमार व्यक्तियों की सहायता, रक्तदान तथा जरूरतमंदों की सेवा जैसे कार्यों को जीवन का महत्वपूर्ण दायित्व बताया।

# गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर भाजपा का समरसता संकल्प अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जाने वाले समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा कार्यक्रमों को लेकर सोमवार को सुकमा के अटल सदन में भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने प्रेसवार्ता आयोजित की।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम ने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा उनकी 650वीं जयंती

■ घर-घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से समाज को जोड़ने का आह्वान

को पूरे जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धापूर्वक मना रही है।

उन्होंने बताया कि जयंती के अवसर पर जिलेभर में समरसता संकल्प अभियान, घर-घर तिरंगा अभियान तथा तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही छात्रावासों एवं आश्रमों में संत गुरु रविदास महाराज के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी, ताकि युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता के दौरान संत गुरु रविदास महाराज के जीवन दर्शन, सामाजिक चेतना और उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से गुरु रविदास महाराज के विचार और उनका समरसता का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, यही इस आयोजन का उद्देश्य है।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष दिलीप पेड्डी, आयताराम मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष हँगाराम मरकाम तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एन. आनंद सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित।

# हिरोली बनी एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत आयोजित बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 का रविवार को एनएमडीसी टाउनशिप बचेली के हॉकी मैदान में रोमांचक मुकाबलों एवं समापन समारोह के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में ग्रामीण

■ दुगेली रही उपविजेता, कलेपाल ने तीसरा स्थान किया हासिल

खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हिरोली ग्राम पंचायत की टीम बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की चैंपियन बनी। दुगेली की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। कलेपाल ने तीसरा स्थान किया हासिल। गामावाड़ा को चौथा स्थान मिला। उन्हें एनएमडीसी द्वारा 75 हजार रुपये का चेक पुरस्कार के तौर पर दिया गया।




कलेपाल के खिलाड़ियों को एक लाख रूपये का चेक बतौर पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की गई। उप विजेता टीम दुगेली को डेढ़ लाख रुपए का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया। विजेता टीम सुदूर ग्राम हिरोली के खिलाड़ियों को दो लाख रुपए का चेक व ट्रॉफी बतौर पुरस्कार प्रदान की गई। इनके अलावा कंपनी प्रबंधन की ओर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को 50 हजार रुपए का प्राइज देने की घोषणा मंच से की गई।

साथ ही सभी 24 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी स्मृति चिन्ह देकर आयोजन में उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। हिरोली के लच्छू कुंजाम मेन ऑफ दी सीरीज रहे। बेस्ट रेडर का खिताब दुगेली के राकेश कुमार को मिला। बेस्ट डिफेंडर के तौर पर कलेपाल को सोनू मंडावी को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मुकाबले में ग्राम पंचायत दुगेली के कप्तान ने टॉस जीतकर ग्राम पंचायत हिरोली की टीम को पहले रेड करने का अवसर दिया। मुकाबले की शुरुआत में दुगेली ने बढ़त बनाकर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की, लेकिन दूसरे हाफ में हिरोली की टीम ने शानदार वापसी करते हुए खेल का रुख बदल दिया। आक्रामक एवं संतुलित प्रदर्शन के दम पर हिरोली ने 32-21 से मुकाबला जीतकर एनएमडीसी बैलाडीला कबड्डी लीग सीजन-1 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, दुगेली की टीम को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा।

इससे पूर्व तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में ग्राम पंचायत कलेपाल और गामावाड़ा के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। कलेपाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 68-23 के अंतर से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी मुख्य अतिथि तथा आरके बर्मन, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुड़ामी ने कहा कि प्रतियोगिता को खेल भावना से लेना चाहिए। यहां तक पहुंचे सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने चार दिन खेल को सुचारु रूप से चलाने के लिए सभी रेफरी और मैच ऑफिशियल का भी आभार जताया। दंतेवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर के बर्मन ने अपने संबोधन में विजेता टीमों को बधाई देते हुए आयोजन के लिए एनएमडीसी की सराहना की।

# ओपन वर्डिक्ट में सूर्य व किसले के टैलेंट को मिली सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के बस्तर आर्ट गैलरी में सोमवार को एक अनोखे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द ह्यूमन एडिशन द्वारा आयोजित ओपन वर्डिक्ट के पहले सीजन के पहले एपिसोड में शानदार प्रदर्शन करते

■ बस्तर में पहली बार द ह्यूमन एडिशन का अनोखा मंच

हुए सूर्य भारती एवं किसले साहू विजेता बने। दोनों विजेताओं को संस्था की ओर से नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

यह बस्तर का अपनी तरह का पहला मंच था, जहाँ युवाओं को केवल एक मिनट के भीतर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन क्षमता दिखाने का अवसर दिया गया। इस मंच की सबसे खास बात यह रही कि इसमें केवल प्रतिभाशाली ही नहीं, बल्कि नॉन-टैलेंट प्रतिभागियों को भी अपने आत्मविश्वास के दम पर मंच पर आने का समान अवसर दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों ने पूरे आयोजन की भरपूर सराहना की। प्रतियोगिता में





छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ ओडिशा के भुवनेश्वर से 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त कांकेर, कोंडागांव एवं ओडिशा से भी प्रतिभागियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिसने आयोजन को अंतरराज्यीय स्वरूप प्रदान किया।

कार्यक्रम का मूल्यांकन प्रतिष्ठित पैनलिस्ट लुतिकुर्ती श्रीहर्ष, जितेंद्र झज्ज , देवेश चांडक एवं आधार कुशवाहा द्वारा किया गया। सभी निर्णायकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए रचनात्मक सुझाव भी दिए।

कार्यक्रम का सफल संचालन द ह्यूमन एडिशन की संस्थापक निशा नागवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि द ह्यूमन एडिशन का उद्देश्य ऐसा मंच तैयार करना है, जहाँ हर युवा बिना किसी झिझक के अपने आत्मविश्वास के साथ मंच पर आए और अपनी पहचान बनाए।

इस सफल आयोजन के पीछे द ह्यूमन एडिशन की समर्पित कोर टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीम में वंश बराड़िया, भाग्यांश राज पंबोई , किशन अग्रवाल, अंजलि कुशवाहा, वंशिका गौतम, रौनक रवित दानी, टीम इंसेन विजुअल्स, गौरव राव, निलेश कुमार नेताम, आदर्श मौर्य, सुशंक नेताम, श्रीकांत जायसवाल, अमन और उत्तम ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह को यादगार बनाने में ध्वनि बैंड का विशेष योगदान रहा।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 21/07/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव शंकर मौर्य पिता गोवर्धन मौर्य जाति मुरिया निवासी ग्राम टेकामेटा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादी रयमती पति मंगलसाय मौर्य की मृत्यु तिथि 15/10/2015 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत टेकामेटा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 04/08/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 04/08/2026

मुहर
**तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 15/07/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयराम बघेल पिता जगदेव बघेल जाति माहरा निवासी ग्राम धरमाउर तह. तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने दादा/दादी/नाना/नानी/ पुत्र/पुत्री/ माता/पिता/पति/पत्नि/भाई/बहन/ श्री सहादेव पिता रघुनाथ बघेल मृत्यु तिथि 29/09/2019 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत टेकामेटा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 29/07/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 15/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार तोकापाल**

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा का सदस्यता अभियान महज एक इवेंट



**जगदलपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जावेद खान ने युवा मोर्चा के सदस्यता अभियान को जनता की आंखों में धूल झोंकने वाला अभियान करार देते हुए कहा है कि जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए इवेंट करती है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान चलाने का दावा करने वाले युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया बताएं कि प्रदेश के युवा आखिर उनके संगठन से किस लिए जुड़ना चाहेंगे। प्रदेश में बेरोजगारी दर को बढ़ाया गया है और बेरोजगार युवाओं को पूर्ववर्ती सरकार में मिलने वाले बेरोजगारी भत्ते को भी बंद कराया है। उनकी पार्टी ने मोदी की गारंटी के तहत प्रति वर्ष 1 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। ढाई साल में ढाई लाख युवाओं को रोजगार मिलना तो दूर की बात है ढाई हजार युवाओं को भी रोजगार के लिए तरसाया है चुनाव के दौरान 55 हजार शिक्षक भर्ती का वादा किया था आज 5 हजार शिक्षकों की भर्ती करने में पसीने छूट रहे हैं। बस्तर के युवा आज भी पलायन को मजबूर हैं उन्हें रोजगार देने में सरकार विफल साबित हुई है।

### तुरेनार में हुआ पौधारोपण व पौधों का वितरण



**जगदलपुर।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम तुरेनार में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरूआत सरपंच सुश्री हेमबती कश्यप एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संतोष नाग ने नीम का पौधा लगाकर की। उन्होंने पर्यावरण को सहेजने का संदेश दिया। गांव को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 10 नीम एवं पपीता के पौधे दिए गए। महिलाओं ने उत्साह के साथ इनकी नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में प्रगति महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष बालमती नागेश, सचिव मायावती बघेल, वैज्ञानिक धर्मपाल केरकेट्टा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर शंकराचार्य की परंपरा का भव्य पूजन आज

**जगदलपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सनातन परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक पीठों में से



एक गोवर्धन मठ, पुरी के पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के चातुर्मास व्रत का शुभारंभ बुधवार को होगा। इसी पावन अवसर पर देशभर के साथ बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में भी श्रद्धा,भक्ति और वैदिक परंपरा के अनुरूप गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित ऐतिहासिक रियासतकालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में सुबह 10 से 12 बजे तक गुरु पादुका पूजन, वैदिक मंत्रोच्चार,रुद्राभिषेक,सत्संग,भजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के सान्निध्य में संपन्न होगा। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को अन्नभोग प्रसाद वितरित किया जाएगा। धर्म संघ पीठ परिषद, आदित्यवाहिनी, आनंदवाहिनी, हिंदू राष्ट्र संघ एवं सनातन संत समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में सहभागी बनेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु महिमा पर गोष्ठी एवं सनातन परंपरा के संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा के आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और समाज में धर्म, संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति आस्था को सुदृढ़ करना है। पूजन उपरांत श्रद्धालुओं को अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# संजय बाजार से दिनदहाड़े अगवा चार वर्षीय बच्ची मारकेल से सकुशल बरामद

## पुलिस की नाकेबंदी देखकर आरोपी बच्ची को छोड़कर हुआ फरार, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के संजय बाजार से दिनदहाड़े चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ता पहले बच्ची को गोद में उठाकर चौक तक ले गया इसके उपरांत ऑटो में बैठाकर मारकेल की ओर निकल गया। घटना की जानकारी लगते ही सीएसपी सुमीत कुमार कोतवाली टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शाम से देर रात तक पड़ताल के बाद सुबह बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया।

सब्जी व्यवसायी बच्ची की मां ने बताया कि सब्जी बेचने में व्यस्त थी और उसके दोनों लड़का व लड़की पास में ही खेल रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी उसकी बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी लगते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर सीएसपी सुमीत कुमार व कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद सीसीटीवी का मुआयना किया। कई सीसीटीवी फूटेज को खंगालने के बाद एक युवक बच्ची को गोद में लेकर जाता हुआ नजर आया। इसके बाद हनुमान मंदिर चौक से ऑटो मे जाता नजर आया। पुलिस द्वारा तत्काल ऑटो चालक की पहचान कर देर रात उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि कुम्हारपारा टैक्सी स्टेण्ड के पास दोनों को छोड़ा था। यहां से आरोपी पुनः एक अन्य वाहन से बच्ची को लेकर मारकेल जड़ीगुड़ा पारा पहुंचा। छोटी बच्ची के साथ उसे देखकर गांव वालों को संदेह हुआ। इसके बाद मारकेल निवासी भगतराम के परिवार ने बच्ची को अपने साथ रखकर इसकी जानकारी कोटवार को दी जिसके बाद नगरनार पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच सीएसपी सुमीत कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बच्ची को बरामद करने में सफल रहे। बच्ची को 16 घटें के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं बच्ची को गांव में छोड़ने के बाद आरोपी पुलिस की घेराबंदी को देखकर ओडिशा की ओर फरार हो गया।



### आरोपी की हुई शिनाख्त

कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि आरोपी की शिनाख्त कर ली गई है और उसकी लगातार तलाश की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वायदे के मुताबिक नगरनार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एनएमडीसी प्रबंधन नहीं दे रहा योगदान

# सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के लिए 22 एकड़ जमीन का 18 साल से उपयोग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रभावित पंचायतों के सरपचों और जनपद सदस्यों के साथ कलेक्टर से मिले पूर्व विधायक बाफना
- ज्ञापन देकर समस्याओं से कराया अवगत



वर्ष 2001 में एनएमडीसी ने नगरनार में इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए भू-अधिग्रहण से प्रभावित ग्राम पंचायतों के समग्र विकास एवं मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति की बड़ी घोषणाएं कर क्षेत्र की जनता से वादा किया था। किन्तु आज तक उन घोषणाओं का क्रियान्वयन उचित तरीके से न होने के कारण यहां की जनता एवं भू-अधिग्रहण से प्रभावित किसान अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। पूर्व विधायक संतोष बाफना ने नगरनार क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य और प्रमुख नागरिकों के साथ कलेक्टर से भेंट कर उन्हें कई महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। ज्ञापन में जानकारी दी गई है कि बस्तर अंचल की जनता को बेहतर मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराने संयंत्र के समीप ही सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल स्थापित करने 2008 में वादा किया गया था। इसके लिए जिला प्रशासन ने ग्राम कोपागुड़ा खुटपदर में लगभग 22 एकड़ भूमि एनएमडीसी को हस्तांतरित की है। किन्तु एनएमडीसी ने वायदे के 18 वर्ष बाद भी क्षेत्र की जनता की मांग अब तक अधूरी रखी है। अस्पताल के लिए हस्तांतरित भूमि की घेराबंदी के बाद आज पर्यन्त अस्पताल के लिए नींव भी नहीं रखी जा सकी है जिसे लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश है। संयंत्र में उत्पादन शुरू होने के पश्चात जगदलपुर नगरनार मार्ग पर यातायात में अत्यधिक वृद्धि देखी जा रही है। खासकर इस्पात संयंत्र के लिए कच्चे माल और बड़े भारी-भरकम ट्रेलर, ट्रक-टिप्पर व अन्य वाहनों के जरिए तैयार उत्पादित माल की ढुलाई यातायात में वृद्धि का मुख्य कारण है। जिसकी वजह से अनचाही दुर्घटना के डर के साये में लोग अपने गंतव्य स्थल तक आने-जाने के लिए विवश हैं । इसलिए इस मार्ग को सिक्स लेन में तब्दील करने की अति आवश्कता है।

इस्पात संयंत्र की आधारशिला रखे जाने के दौरान क्षेत्र के परिक्षेत्रीय विकास के लिए एनएमडीसी की ओर से भू-अधिग्रहण से प्रभावित समस्त ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए धोषणाएं की गई थी। किन्तु आज पर्यन्त प्रभावित ग्राम पंचायतों के विकास की दिशा में किसी भी प्रकार का कोई खास प्रयास नहीं किया गया। इसलिए भू-प्रभावित ग्राम पंचायतों का एनएमडीसी के द्वारा आवश्यकतानुरूप आंकलन कर विकास कार्य प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाए। ताकि एनएमडीसी के प्रति जनता का विश्वास बना रहे एवं परिक्षेत्रीय विकास जिसमें शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क एवं खेल की सुविधाओं में विस्तार हो। एनएमडीसी के द्वारा वर्तमान में क्षेत्र में होने वार्षिक मंडई-मेला, होली एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सहयोग के तौर पर जो राशि प्रदाय की जा रही है यह वर्तमान मंहगाई के दौर में पर्याप्त नहीं है इस हेतु सहयोग राशि में वृद्धि करने की अति आवश्यकता है।

एनएमडीसी इस्पात संयंत्र में उपयोग के पश्चात जो दूषित जल है उसके उचित तरीके से निस्तारण एवं दूषित जल को शुद्ध कर दोबारा उपयोग में लेने हेतु किसी भी प्रकार का कोई प्रबंध नहीं किया गया है। एनएमडीसी प्रबंधन के द्वारा दूषित जल को संयंत्र के 3 नम्बर गेट के माध्यम से आसपास की उपजाऊ सिंचित भूमि में अनुचित तरीके से प्रवाहित कर दिया जाता है जिसकी वजह से किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो रही है और एनएमडीसी की ओर से नाम मात्र का मुआवजा किसानों को पकड़ा दिया जाता है।

इस्पात संयंत्र के आसपास की अन्य ग्राम पंचायत भेजापदर, मारकेल-1, मारकेल-2. खम्हारगांव, गरावण्डखुर्द एवं कलचा को भी इस्पात संयंत्र प्रभावित ग्राम पंचायत के रूप में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने आग्रह किया है कि पत्र में उल्लेखित समस्याओं के निराकरण के लिए उचित कार्यवाही की जाए।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान ग्राम पंचायत नगरनार की सरपंच उमाकांतो बघेल, भेजापदर की सरपंच भुवनेश्वरी, उपनपाल के सरपंच वासुदेव गोयल, करनपुर के सरपंच पुष्पांजलि नागेश, धनपुंजी की सरपंच गायत्री नाग, बम्हनी की सरपंच वेदिका कुंवर, जामावाड़ा के सरपंच रैमदु नाग, चोकावाड़ा की सरपंच रयमति, जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया, पूर्व सरपंच रैनु बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

# 7 लीटर महुआ शराब और नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कोरर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के ग्राम सुरेली में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर एक व्यक्ति को हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब और बिक्री की नकदी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम सुरेली निवासी 37 वर्षीय समारू राम कोमरा अपने घर के सामने आंगन में अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब की बिक्री कर रहा है। जानकारी को गंभीरता से लेते हुए थाना कोरर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी।

पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया, लेकिन पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 लीटर क्षमता की एक जरकीन तथा 2 लीटर की प्लास्टिक बोतल में कुल 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद हुई। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 100 रुपये नकद भी जब्त किए गए। जब्त शराब एवं नकदी की कुल अनुमानित कीमत 800 रुपये आंकी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब रखने और बेचने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने अवैध शराब और नकदी जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई

थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की है।

## गुरु रविदास के संदेश को जन जन तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता : पांडेय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पत्रवार्ता में जिलाध्यक्ष ने दी कार्यक्रमों की जानकारी

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने मंगलवार को जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि गुरु रविदास के समता, सामाजिक न्याय और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की पहल पार्टी कर रही है।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान संत रहे। उनका दर्शन समानता और भेदभावमुक्त समाज को प्रेरणा देता है। अभियान के तहत 29 जुलाई को देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव, 29 जुलाई से 10 सितंबर तक कलश वंदन अभियान, 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान, 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक डेरा सचखंड बल्लां (जालंधर) से सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) तक समरसता यात्रा तथा 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावास संपर्क अभियान आयोजित किया जाएगा।

पत्रवार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, रामाश्रय सिंह, योगेन्द्र पाण्डेय, नरसिंह राव, सफीरा साहू, परीस बेसरा, आलोक अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, राजपाल कसेर एवं प्रकाश झा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवाओं का बढ़ता विश्वास कांग्रेस को नहीं हो रहा हजम : रोहन

**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी रोहन घोष ने कहा कि आड़ावाल में आयोजित ज्वाइन भाजयुमो कार्यक्रम में बस्तर जिले के तेरह मंडलों से एक हजार से अधिक



युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की। यह केवल बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहे अभियान का हिस्सा है, जहां सभी जिलों में हजारों युवा स्वेच्छा से भारतीय जनता युवा मोर्चा से जुड़ रहे हैं। युवाओं का यह उत्साह कांग्रेस की बेचैनी का कारण बन गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक जमीन खो चुकी है इसलिए हर सकारात्मक अभियान पर सवाल उठाना उसकी आदत बन गई है। केवल आरोप लगाना कांग्रेस की हताशा को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आज का युवा केवल नारों से नहीं, बल्कि विकास और अवसरों से जुड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए स्टार्टअप, स्किल डेवलपमेंट, स्वरोजगार, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भी युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सदस्यता अभियान युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य है। कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए।

## गुरु पूर्णिमा पर निकली साईं बाबा की पालकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- साईं बाबा बने युवक का आर्शीवाद लेते रहे लोग

धरमपुरा मार्ग स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में मंगलवार से तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ शुरू हुआ। यह महोत्सव 28 से 30 जुलाई तक होगा। जिसमें प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। महोत्सव के प्रथम दिवस की प्रातः 5:15 बजे काकड़ आरती से शुरूआत हुई। इसके बाद नागपुर से आए पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री साईं बाबा का विशेष अभिषेक एवं गुरु पूजन संपन्न कराया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को मंदिर परिसर से भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन और साईं बाबा के जयघोष के साथ शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा।



गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश द्वार तथा पालकी मार्ग को आंध्र प्रदेश के राजमेंद्री से मंगाए गए रंग-बिरंगे फूलों एवं आकर्षक विद्युत सज्जा से विशेष रूप से सजाया गया है। भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर समिति ने सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ लगभग तीन हजार फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया।

महोत्सव के आगामी दो दिनों में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, महाआरती एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## 2 दिवसीय सेमिनार में बस्तर संभाग से पहुंचे रेफरी

# नवोदित रेफरियों ने सीखे फुटबॉल के नए नियम और मैच प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एआईएफएफ के इंस्ट्रक्टर रूपक मुखर्जी ने दी व्यावहारिक और उपयोगी ट्रेनिंग






छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन बस्तर ने नवोदित फुटबॉल रेफरियों के लिए दो दिवसीय फुटबॉल रेफरी सेमिनार का आयोजन किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा नियुक्त मुख्य प्रशिक्षक के रूप में एआईएफएफ के इंस्ट्रक्टर रूपक मुखर्जी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को फुटबॉल के नवीनतम नियम, रेफरी की भूमिका, मैच प्रबंधन, निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन, पोजिशनिंग तथा खेल संचालन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिए।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे, विशिष्ट अतिथि नबी मोहम्मद, संग्राम सिंह राणा, यशवर्धन राव, राणा घोष, मनोज ठाकुर एवं जिला फुटबॉल संघ बस्तर से पंजीकृत क्लब के खिलाड़ी एवं माता रुक्मणी क्लब के बालिका खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर की उपस्थिति रही।

दो दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आए रेफरी अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों प्रकार के सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को खेल के नियमों को बेहतर ढंग से समझने और मैदान पर लागू करने का अवसर मिला। जानकारी बस्तर जिला फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप दास ने दी है।

